चालक को गिरफ्तार कर लिया है.

■ फुटपाथी बच्चों ने किया महानगर परिभ्रमण : कोलकाता. महानगर के विभिन्न इलाकों से कई बच्चों ने शनिवार को कई प्रमुख स्थलों का परिभ्रमण किया. हिंदुस्तान मोटर्स लिमिटेड की तरफ से आयोजित इस जॉय राइड में आठ से 12 साल के बच्चों ने पहली बार एंबेसडर कार में चिल्ड्रेन म्यूजियम, आकाशवाणी भवन, इडेन गार्डेन, राजभवन, विक्टोरिया मेमोरियल का दीदार किया. बच्चों को उन जगहों के इतिहास व महत्व के बारे में बताया गया. नेहरू चिल्ड्रेन में देश के विभिन्न राज्यों के गुड़ियों को देखकर बच्चे बहुत उत्साहित हुए. बच्चों को एक एफएम स्टेशन ले जाया गया जहां उन्होंने श्रोताओं से लाइव अपने अनुभवों को बांटा. साथ ही उन्हें एफएम स्टेशन की रिकॉर्डिंग भी दिखायी गयी.